# AGRICULTURE RESEARCH SUB STATION
(S.K.N. AGRICULTURE UNIVERSITY)
## Kumher,Distt. Deeg (Raj.) - 321201

Dr.Ramphool Puniya
Officer Incharge

Mobile No.: 9419256071, 7006932187
Email: incharge.arss.kumher@sknau.ac.in


No. F. /Estt./ARSS/K/2026/248-252 Dated: 19/08/2026

## नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र, कुम्हेर (भरतपुर) फार्म पर वर्ष 2026–27 में केन्द्र पर उद्यान यूनिट के 0.55 है. में बेर के 70 फलदार पौधों व बेर के पौधों की कतारों के बीच खाली जमीन में अन्तराशस्य करने की खुली बोली द्वारा नीलामी की जायेगी। अतः इच्छुक व्यक्ति दिनांक 01.09.2026 .को दोपहर 12:00 बजे फार्म पर उपस्थित होकर मौके पर बोली लगा सकते है। नीलामी सूचना को सम्पूर्ण अथवा किसी भाग को बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

**केन्द्र पर उद्यान की यूनिट में बेर फलदार पौधे हेतु खुली नीलामी की शर्ते निम्न प्रकार से है :–**

1. समस्त शर्तो को ध्यान पूर्वक पढे एवं हस्ताक्षर करें।
2. बेर के बाग के पौधों के फलों व अन्तराशस्य की सरकारी बोली रु. 40000/– है तथा बोली लगाने से पूर्व बोलीदाता को रु.4000/– धरोहर राशि नगद/UPI/DD/बेंकर्स चैक के रुप में जमा कराने होगें। असफल बोलीदाता की राशि खुली नीलामी पूर्ण होने पर वापिस कर दी जावेगी। सफल निविदादाता की धरोहर राशि को मूल राशि में समायोजित नही किया जावेगा। यह राशि फसल/फल समाप्ति के बाद लौटाई जावेगी। इस राशि पर कोई ब्याज देय नही होगा। अन्तिम बोली की सम्पूर्ण राशि बोली दिनांक के एक सप्ताह में जमा करानी होगी।
3. ये ठेका रबी फसल 2026–27 की समाप्ति तक रहेगा।
4. धरोहर राशि के अतिरिक्त रजिस्ट्रेशन शुल्क 200/– रुपये अलग से नकद देने होंगे, जो कि वापस देय नही होंगे।
5. सफल निविदादाता को निविदा शर्तों की सहमति हेतु रुपये 100 का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
6. स्वीकृत निविदादाता को सिंचाई संबंधी पम्पसैट,पाईप व अन्य सामान गिनकर लिखित में प्राप्त करना होगा व गिनकर वापस जमा करना होगा व जिसकी चौकीदारी स्वंय ठेकेदार को ही करनी होगी।
7. बेर बाग में लगे फल देने वाले पेड–पौधो में निराई, गुडाई, थॉवले बनाना व सिचाई कार्य, चौकीदारी, बगीचे की बाड लगाना इत्यादि स्वयं ठेकेदार को करना होगा।
8. बेर बाग, पेड–पौधो में उच्चतम बोली दाता को ही दिया जायेगा। केन्द्र के सम्पूर्ण बेर में पानी लगाने के लिए केन्द्र पर उपलब्ध समरसिबिल दिया जायेगा।
9. बेर आरचार्ड में बेरों की कतारों के बीच ( केवल 0.55 है0 जमीन ) खाली पडी जमीन में फार्म प्रभारी/प्रबंधक की अनुमति से कोई भी फसल बोई जा सकती है। इसके लिए केन्द्र द्वारा निर्धारित जुताई करवा दी जावेगी। केन्द्र पर आरचार्ड यूनिट में कोई भी अन्य कार्य यूनिट प्रभारी एवं अधोहस्ताक्षरकर्ता की अनुमति के बगैर नहीं किया जावेगा। रबी सीजन की फसल में सिचाई कार्य के लिए समरसिबिल केन्द्र उपलब्ध करवा देगा।
10. निराई, गुडाई, कटाई दवाओं का छिड़काव/भुरकाव व अन्य संबंधित कार्य स्वयं ठेकेदार को करने होगें। साथ ही खाद, बीज, दवाई इत्यादि की व्यवस्था व खर्चा स्वयं ठेकेदार को करना होगा।
11. बेर बाग उत्पादन में लगने वाले समस्त मजदूरी की व्यवस्था व खर्चा स्वयं ठेकेदार को करना होगा।
12. श्रमिक क्षति होने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।

13. किसी भी प्रकार के विवाद के निपटारे हेतु विवाद कुलपति, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विष्वविद्यालय जोबनेर (जयपुर) के आर्बीटेशन में प्रस्तुत करना होगा एवं उनका निर्णय दोनो पक्षों को मान्य होगा।
14. किसी भी निविदा का बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्त्ता को होगा।
15. निविदादाता के मजदूर व स्वंय फार्म पर मदिरा व अन्य नशीली वस्तुओं का सेवन नहीं करेगे और न ही किसी अन्य को करने देंगा।
16. सफल निविदादाता को अपने रहने की व्यवस्था स्वयं को करनी होगी।
17. मैं निविदा की समस्त शर्तो से सहमत हूँ तथा मैं उपरोक्त शर्तो पर कार्य करने के लिए तैयार हूँ।

प्रभारी अधिकारी
Officer Incharge
Agril. Res. Sub. Station
Kumher (Bharatpur)

**प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नलिखित को प्रेषित हैः–**

1. श्रीमान निदेशक अनुसंधान, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर
2. श्रीमान वित्त नियंत्रक, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ।
3. श्रीमान क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, कृषि अनुसंधान केन्द्र, नौगावां–अलवर
4. कमेटी कन्वीनर / सदस्य / लेखाशाखा / .........................................................................
5. श्रीमान् डीन, कृषि महाविद्यालय, भरतपुर, के.वी.के., कुम्हेर के सूचना पट्ट।
6. पंचायत समिति कार्यालय, कुम्हेर (भरतपुर) के सूचना पट्ट ।
7. रक्षित फाइल ।

प्रभारी अधिकारी
कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र, कुम्हेर
भरतपुर (राज0)
Officer Incharge
Agril. Res. Sub. Station
Kumher (Bharatpur)